**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**13.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल का दौरा कर एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से की मुलाकात, कहा– हादसे से पूरा देश स्तब्ध।
- केन्द्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले में फिन्ना सिंह सिंचाई योजना के लिए जारी की 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर नौकरी के नाम पर युवाओं को धोखा देने का लगाया आरोप।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**पीएम गुजरात यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल का दौरा कर एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि हृदय विदारक तरीके से अचानक इतने लोगों की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए।

बाद में प्रधानमंत्री ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।

**फिन्ना सिंह परियोजना**

केंद्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले की बहु प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के लिए 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और संबधित विभागों के साथ निरंतर वार्ता के फलस्वरूप ये राशि मिली है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के किसानों के लिए ये परियोजना आशा की किरण बनकर सामने आई है और इससे हजारों हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि ये परियोजना लगभग एक दशक से लटकी हुई थी और इसे मंजूरी मिलना किसानों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। आज शिमला में उनसे मिलने आए राष्ट्रीय आजीविका मिशन और पशु व कृषि सखी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हिम ईरा और अन्य उत्पाद दूसरे राज्यों में काफी लोकप्रिय हुए हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में पहली बार दूध, प्राकृतिक खेती से उगाए गेंहू, मक्की और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है। इसके अलावा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री

के लिए हिम ईरा वैबसाईट शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे एक लाख 58 हजार से अधिक किसानों को प्रमाणित किया गया है।

## राजभाषा समिति

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति ने आज शिमला में राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल से भेंट की। ये उपसमिति 11 से 15 जून तक शिमला के अधिकारिक दौरे पर हैं और राजभाषा नीति के अनुपालन का आकलन करने के लिए केंद्रीय सरकारी संस्थानों का निरीक्षण कर रही है। ये समिति देशभर में केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग का निरीक्षण कर राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

## समिति बैठक

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज विधानसभा में याचिका समिति की बैठक की अयक्षता की। बैठक में कुल 49 याचिकाओं की समिति ने समीक्षा की और 13 याचिकाओं का निपटारा किया गया। समिति के सदस्य सतपाल सत्ती और कमलेश ठाकुर भी बैठक में मौजूद रहे।

इस बीच विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक बैठक आज धर्मशाला में हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति अनिल शर्मा ने की। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि का सदुपयोग करने और पारदर्शिता के साथ खर्च करने के निर्देश दिए। केवल सिंह पठानिया और हंस राज सहित अन्य सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

## जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वायदा किया था लेकिन आज युवाओं को धोके के सिवाए कुछ भी नहीं मिला है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी प्रकार महिलाओं को भी 15 सौ रुपये देने की गारंटी दी थी लेकिन वो भी पूरी नहीं हो पाई है। विपक्ष के नेता ने मशोबरा स्थित बालिका आश्रम में युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने पर दुख जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से इस मामले की निष्पक्षता से जांच करवाने और बालिका आश्रमों में रह रही बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये घटना समाज के लिए चिंता का विषय है।

## मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज दोपहर तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा हुई, जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में **लू** का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है। हमीरपुर ज़िला प्रशासन ने ज़िले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव किया है। ज़िले में अगले आदेश तक अब स्कूल सुबह 8 बजे से दो बजे तक खुलेंगे जबकि प्राथमिक स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक रहेगा। उधर ऊना ज़िले में भी सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक संचालित होंगे। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 16 जून से प्रदेश में **लू** के प्रकोप से लोगों को राहत मिलने की संभावना है और 21 जून तक अधिकांश भागों में वर्षा के आसार हैं।

**पैरा वर्करस**

जल शक्ति विभाग के पैरा वर्करस संघ ने सरकार से पैरा वर्करों की मांगें पूरी करने का आग्रह किया है। संघ के अध्यक्ष महेश शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश के कुछ ज़िलों में जल शक्ति विभाग के पैरा वर्करों को पिछले दो–तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी लगभग सात वर्षों से अस्थायी तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इनके लिए छुट्टी का भी कोई प्रावधान नहीं है। संघ ने सरकार को उनकी मांगों पर विचार के लिए 10 दिन का समय दिया है।

**चालान**

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कुल्लू की एक टीम ने बीती रात मंडी से पंडोह के बीच नाकेबंदी के दौरान एक सौ से अधिक वॉल्वो, पर्यटक बसों और अन्य वाहनों के चालान काटकर दो लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। यातायात निरीक्षक हेमंत शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कुछ गाड़ियों के पास परमिट नहीं थे और कुछ गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी हुई थी। इसके अलावा कई गाड़ियों में अनेक खामियां पाई गईं।

**''मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल का दौरा कर एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से की मुलाकात, कहा– हादसे से पूरा देश स्तब्ध।
- केन्द्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले में फिन्ना सिंह सिंचाई योजना के लिए जारी की 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य।

और

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर नौकरी के नाम पर युवाओं को धोखा देने का लगाया आरोप।

———————————————